GHAD
23-7-19

(223)

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक : प. 7(1) शिक्षा–2/अधि.कर्म. समायोजन/2018 जयपुर, दिनांक : 22/7/19

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर।

PS1 Email 286/19
23.07.19

विषय : ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से पंचायतीराज के अधिशेष मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद समाप्त किए जाने से वेतन एवं समायोजन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक शिविरा/माध्य/साप्र–1/बी–2/4422/72/19/2019 दिनांक 12.06.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से पंचायतीराज के अधिशेष मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद समाप्त किए जाने से वेतन एवं समायोजन के सम्बन्ध में निम्नांकित जानकारी उपलब्ध कराने का श्रम करावें:–

1. सन् 1998 में पंचायतीराज विभाग द्वारा इन कार्मिकों के पद शिक्षा विभाग में हस्तान्तरण से सम्बन्धित आदेश एवं अन्य दस्तावेज कोई हो तो उसकी प्रति उपलब्ध करावें। हस्तान्तरण की शर्तें क्या थी?
2. इन कार्मिकों के हस्तान्तरण के उपरांत इनका समायोजन प्रारंभिक शिक्षा विभाग में अब तक क्यों नहीं किया जा सका, जबकि ये कार्य शिक्षा विभाग का ही कर रहे थे?
3. इन कार्मिकों के पद किन–किन बजट मदों में स्वीकृत कराये गये? ये बजट प्रस्ताव किस विभाग द्वारा दिये गये तथा इन बजट मदो के नियंत्रण अधिकारी कौन है तथा बीएफसी किस विभाग द्वारा कराई जा रही हैं?
4. अधिशेष होने के उपरांत ये कार्मिक कहां एवं क्या कार्य कर रहे है? उपस्थिति पंजिका में किस कार्यालय में हस्ताक्षर कर रहे हैं? इस विषय में प्रशासनिक व्यवस्था/निर्देश क्या हैं?
5. पीडी खाते के बजट मदों के अतिरिक्त बीईईओ कार्यालयों में अन्य नियमित बजट मदो में भी लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद विद्यमान है, इन पदों में कितने पद रिक्त हैं?
6. इनके सेवा अभिलेख का संधारण कहां किया जा रहा है तथा वरिष्ठता का निर्धारण किस विभाग द्वारा किया जा रहा हैं? इनको चयनित वेतनमान/एसीपी किस विभाग द्वारा स्वीकृत की गई हैं?

बिन्दु सं० 5 का प्रारूप

क्र.सं.	ब्लॉक	पद नाम	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त	मद
1	2	3	4	5	6	7

समस्त CBEO उक्त सूचना आज ही ई मेल Mail हस्ताक्षरित प्रति भेजें।

भवदीय
23/7/19
(डॉ राष्ट्रदीप यादव)
शासन उप सचिव

23.7.19
जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) मा० शि०, अलवर

www.rajteachers.com

Scanned by CamScanner

कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कमांकः–शिविरा / प्रारं / साप्र / बी / 2605 / विविध / 2019 दिंनाकः– 23/7/19

संयुक्त निदेशक,
स्कुल शिक्षा, समस्त संभाग,
....

अत्यावश्यक / आज ही

विषयः–ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयो से पंचायतीराज के अधिशेष मंत्रालयिक एंव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद समाप्त किए जाने से वेतन एंव समायोजन के संबध में।

प्रसंगः–शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग जयपुर के पत्र कमांक–प. 7(1)शिक्षा–2 / अधि.कर्म.समायोजन / 2018 दिंनाक–22.07.19.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के कम में आपके अधिनस्थ ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से पंचायतीराज के अधिशेष मंत्रालयिक एंव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद समाप्त किए जाने से वेतन एंव समायोजन के संबध में राज्य सरकार द्वारा छः (6) बिन्दुओ की सूचना चाही जा रही है, जिसे संलग्न कर आपको भिजवाई जा रही है। चाही गई सूचना आज ही gadele726@gmail.com पर आज ही अपने संभाग की भिजवावें ताकि राज्य सरकार को भिजवाकर अधिशेष कार्मिको के वेतन एंव समायोजन की कार्यवाही शीध्र करवाई जा सके।

इसें सर्वोच्य प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

भवदीय,

www.rajteachers.com

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एंव पंचायती राज
(प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग,राजस्थान,
बीकानेर।

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेर्षित हैः–

1–उपनिदेशक(प्रशासन) माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।

2–समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, को भेज कर लेख है कि आपके अधिनस्थ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एंव पदेन बी.आर.सी.एफ. समग्र शिक्षा अभियान कार्यालयों में अधिशेष पंचायतीराज कार्मिको के संबध में चाही गई सूचना संयुक्त निदेशक कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को मेल आई डी पर भिजवाना सूनिश्चित करें।

भवदीय,

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एंव पंचायती राज
(प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग,राजस्थान,
बीकानेर।